# || मेरा छोटा सा संसार हरी आ जाओ एक बार भजन ||

Chalisamantras.com

मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार,
हरी आ जाओ, हरी आ जाओ,
मेरी नैया पार लगा जाओ,
मेरी बिगड़ी आके बना जाओ,
मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार ।

लाखों को दरश दिखाया है,
प्रभु मुझको क्यों तरसाया है,
ये कैसी तुम्हारी माया है,
नित बहती है असुवन धार,
नित बहती है असुवन धार,
हरी आ जाओ एक बार,
मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार ।

जब याद तुम्हारी आती है,
तन मन की सुध बिसराती है,
रह रह के मुझे तड़पाती है,
तन मन धन दूं सब वार,
तन मन धन दूं सब वार,
हरी आ जाओ एक बार,
मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार ।

Chalisamantras.com

मुझको बिछड़े युग बीत गए,
क्यों रूठ प्रभु मेरे मीत गए,
मैं हार गया तुम जीत गए,
अब दर्शन दो साकार,
अब दर्शन दो साकार,
हरी आ जाओ एक बार,
मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार ।

मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार,
हरी आ जाओ, हरी आ जाओ,
मेरी नैया पार लगा जाओ,
मेरी बिगड़ी आके बना जाओ,
मेरा छोटा सा संसार,
हरी आ जाओ एक बार ।

Chalisamantras.com